Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to take steps to transfer funds to Mineral Foundation Trust under Panchayats directly.

श्री सी.पी. जोशी (चितौड़गढ़): माननीय अध्यक्ष जी, जिन क्षेत्रों में खनिज होते हैं, माननीय प्रधान मंत्री जी ने इस देश के लोगों के लिए प्रधान मंत्री खनिज कल्याण कोष नाम की योजना दी । वे पैसे, जो भारत सरकार के खजाने में जमा होते हैं, वे उन्हीं जिलों में हेल्थ, एजुकेशन और सड़क-निर्माण में काम आएँ । हमारे यहाँ डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट बना है । राजस्थान में सरकार बदलते ही उसमें से जनप्रतिनिधियों को हटा दिया गया और सारे पैसे को रोक लिया गया । पूर्व प्रधान मंत्री राजीव गांधी जी ने कहा था कि दिल्ली से सौ रुपये भेजे जाते हैं, तो गाँव में पहुँचते-पहुँचते 15 रुपये ही रह जाते हैं, लेकिन उसके लिए कोई निदान नहीं किया ।

प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने चाहे मनरेगा के मजदूरों के पैसे हों, पंचायत के विकास के पैसे हों, अब वे सीधे खाते में जाते हैं । राजस्थान में 14वें फाइनेंस कमीशन के पैसे, जो पंचायतों में जाने चाहिए थे, उनको रोक लिया गया । वे पैसे पंचायत समिति में पड़े हैं । मेरा आपके माध्यम से निवेदन है कि चूँकि वे पैसे भारत सरकार के हैं, इसलिए वे सीधे पंचायत में जाएँ ताकि पंचायतों का विकास हो सके । मेरी सरकार से यही माँग है ।

माननीय अध्यक्ष: डॉ. मनोज राजोरिया और श्री सुमेधानन्द सरस्वती को श्री सी.पी. जोशी द्वारा उठाये गये विषय से संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

माननीय सदस्य के शपथ लेने के तीसरे दिन ही ये सदन में अपनी बात कह रहे हैं ।

आपको बधाई हो ।